ऑनलाइन परिवेश पोर्टल के माध्यम से प्राप्त। 10-10-2025

# कार्यालय–प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण, इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी, उत्तराखण्ड, देहरादून।

E-Mail ID: nodalofficerddn@gmail.com,Phone/Fax: 0135 2767611

पत्रांकः– 773 /12–1 देहरादूनः दिनांकः 08 अक्टूबर ~~सितम्बर~~, 2025

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी,
हल्द्वानी वन प्रभाग,
हल्द्वानी।

10/10/25

विषयः– जनपद नैनीताल के अन्तर्गत हल्द्वानी में भारतीय स्टेट बैंक के प्रशासनिक कार्यालय भवन निर्माण हेतु 0.402 है0 वनभूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु भारतीय स्टेट बैंक को दिये जाने के सम्बन्ध में। (Online Proposal No.-FP/UK/OTHERS/28642/2017)

सन्दर्भः– आपके कार्यालय का पत्रांक 598 / 12–1 दिनांक 10–09–2025।

महोदय,

उपरोक्त विषयक संदर्भित पत्र का अवलोकन करें, उक्त पत्र द्वारा आपके कार्यालय से उक्त विषयक प्रकरण में आपको संशोधित प्रस्ताव प्रेषित किये जाने हेतु लिखा गया था। आपके द्वारा प्रेषित प्रस्ताव का अध्ययन करने से ज्ञात हुआ है कि आपके द्वारा प्रस्ताव में 1.10 है0 में रोपित की जाने वाली 1190 पोधों हेतु रू0 5,96,690.00 को संलग्न किया गया है, जो कि प्रति है0 चयनित भूमि के आधार पर अंकलित किया गया है। अवगत हों कि प्रकरण 1.00 है0 से कम है वन (संरक्षण एवं संवर्धन) अधिनियम 1980 यथा संशोधित 2023 के अध्याय 5 में प्रस्तर 5(ख) के अनुसार योजना प्रति वृक्ष हेतु निर्धारित दर के अनुसार अर्थात 119 प्रभावित वृक्षों हेतु 10 गुना 1190 वृक्षों की नवीनतम निर्धारित दर रू0 2143 प्रति पौध के आधार पर आंकलित कर अपलोड की जानी होगी।

अतः उक्तानुसार प्रस्ताव के साथ संलग्न रोपण योजना को तदनुसार संशोधित प्राक्कलन प्रेषित करना सुनिश्चित करें ताकि प्रकरण में अग्रेत्तर कार्यवाही की जा सके।

भवदीय,

(डॉ० एस०पी० सुबुद्धि)
प्रमुख वन संरक्षक,
एवं नोडल अधिकारी वन संरक्षण,
उत्तराखण्ड, देहरादून।

कार्यालय, वन संरक्षक, पश्चिमी वृत्त, अरण्य भवन, उत्तराखण्ड, हल्द्वानी
प्राप्ति संख्या 2407
पत्रावली संख्या 12-1
दिनांक 10-10-2025

संख्या 773 / 12–1 तददिनांकित।

प्रतिलिपि :–उप महाप्रबन्धक (व्य0 एवं परि0) प्रशासनिक कार्यालय, भारतीय स्टेट बैंक, हल्द्वानी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(डॉ० एस०पी० सुबुद्धि)
प्रमुख वन संरक्षक,
एवं नोडल अधिकारी वन संरक्षण,
उत्तराखण्ड, देहरादून।

पत्रांक – ए-2407/12-1 दिनांक 10/10/2025

प्रतिलिपि:– प्रभागीय वनाधिकारी हल्द्वानी वन प्रभाग को सूचनार्थ एवं उपरोक्तानुसार आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

अग्रेषित

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी
कार्यालय वन संरक्षक पश्चिमी वृत्त
हल्द्वानी

वन संरक्षक,
पश्चिमी वृत्त, उत्तराखण्ड
हल्द्वानी